पत्र संख्या–26 / विविध–01–05 / 2025 ............................ /

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग।**

## आदेश

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना परिक्षेत्राधीन बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, आरा अंतर्गत भोजपुर जिला के बड़हरा प्रखंड अतर्गत ग्राम–अचरज राय का टोला के पास कटाव निरोधक से संबंधित कार्य एकरारनामा सं0–01SBD/2025-26 (एजेन्डा सं0–220 / 364 / 2025) के तहत संवेदक श्री रामजी सिंह एण्ड को0, ग्राम–रामपुर, पो0+थाना–बड़हरा, जिला–भोजपुर, पिन–802311 को कार्य आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की निर्धारित तिथि–15.05.2025 थी, परंतु संवेदक द्वारा दिनांक–15.05.2025 तक मात्र 05 प्रतिशत ही कार्य कराया गया। कार्य की धीमी प्रगति के कारण विभागीय पदाधिकारियों द्वारा गुणवत्ता एवं विशिष्टि के अनुरूप कार्य को पूर्ण करने हेतु बार–बार स्मारित किया गया। इसके बावजूद संवेदक द्वारा कार्य को पूर्ण करने में अभिरूचि नहीं ली गयी, जिसके कारण दिनांक–09.06.2025 तक मात्र 35 प्रतिशत ही कार्य पूर्ण हो सका। कार्य को ससमय पूरा करने में अभिरूचि नहीं लेने के कारण मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, पटना के पत्रांक–1728 दिनांक–17.05.2025 द्वारा संवेदक को डिबार करने की अनुशंसा विभाग को की गई। तत्पश्चात विभागीय पत्रांक–2382 दिनांक–27.05.2025 द्वारा संवेदक से कारण–पृच्छा की गई।

उक्त के आलोक में संवेदक से कारण–पृच्छा का जवाब अप्राप्त रहने की स्थिति में मामले की समीक्षा अधीक्षण अभियंता, बाढ नियंत्रण योजना एवं मोनिटिरिंग अंचल, पटना द्वारा की गयी एवं पाया गया कि कार्य को ससमय पूर्ण करने हेतु विभागीय पदाधिकारियों द्वारा दिये गये निदेश के बावजूद कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने की दिशा में संवेदक द्वारा सम्यक प्रयास नहीं किया गया, साथ हीं क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा किये गये निरीक्षण में कार्य स्थल पर पर्याप्त मात्रा में श्रमबल एवं बाढ़ सुरक्षात्मक सामाग्रियो की भी समुचित उपलब्धता नहीं पायी गयी है। परिणामस्वरूप दिनांक–09.06.2025 तक कार्य की प्रगति मात्र 35 प्रतिशत हीं है।

यह संवेदक की कर्तव्यहीनता एवं कार्य के प्रति घोर लापरवाही की मंशा को परिलक्षित करता है।

अतः इस कार्य को पूर्ण होने तक संवेदक श्री रामजी सिंह एण्ड को0, ग्राम–रामपुर, पो0+थाना– बड़हरा, जिला– भोजपुर ,पिन–802311 (निबंधन सं0–WRD240425C1PF24169479, श्रेणी–प्रथम) को डिफाल्टर घोषित करते हुए अगली निविदा में भाग लेने से वंचित / डिबार किया जाता है।

ह0 / –

(शरद कुमार)

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांक : .......................................................पटना / दिनांक :.......................................................

प्रतिलिपिः– श्री रामजी सिंह एण्ड को0, ग्राम–रामपुर, पो0+थाना–बड़हरा, जिला–भोजपुर, पिन–802311 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / –

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।

ज्ञापांक :.........2662.........../पटना, दिनांक :....13.6.25.........

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/सचिव/पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास विभाग/सभी अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग/सभी मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग/अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण यो0 एवं मो0, अंचल, पटना/अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0, अंचल–2,3,4, पटना/निदेशक, क्रय भंडार एवं सामग्री प्रबंधन, जल संसाधन विभाग/कार्यपालक अभियंता, प्रभारी आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/6/2025

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय।